(b) The Sub-station when set up will undertake research on exotic breeds of sheep suitable to climatic conditions of hilly regions of the South.

दिल्ली दुग्ध योजना के कर्मचारी

1414. **श्री हुकमचन्द कछवाय :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी नियमों के अनुसार दिल्ली दुग्ध योजना के 1 मार्च, 1964 तक लगभग 800 कर्मचारी स्थायी होने के हकदार हो गये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन में से अभी तक लगभग 120 कर्मचारियों को ही स्थायी किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो शेष कर्मचारियों को स्थायी न करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज़ खां):

(क) दिल्ली दुग्ध योजना में 1-3-1964 तक केवल 356 पदों को स्थायी घोषित किया गया था ।

(ख) अब तक इन पदों पर 146 व्यक्तियों को स्थायी किया गया है ।

(ग) व्यक्तियों को स्थायी पदों पर स्थायी करने से पहले अनेक कार्यवाहियां पूरी करनी पड़ती हैं । कार्यवाहियों को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए भरसक प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

राष्ट्रीय राजपथ नं० 28 पर बड़घाट में पुल

1415. **डा० महादेव प्रसाद :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय राजपथ नं0 28 पर बड़घाट में पुल के निर्माण में क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) यह पुल यातायात के लिए कब खोल दिया जायेगा ?

परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) और (ख). पुल बन कर तैयार हो गया है, और कुछ परीक्षण होने तक अस्थायी तौर पर यातायात के लिये सीमित घंटों के लिए खोल दिया गया है । वह यातायात के लिये, बगैर किसी बाधा के, करीब 1 महीने में खोल दिया जायेगा ।

दिल्ली—गोरखपुर विमान सेवा

1416. **डा० महादेव प्रसाद :** क्या **असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ वर्ष पूर्व दिल्ली-गोरखपुर विमान सेवा प्रचलित थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसे बन्द करने के क्या कारण हैं ?

असैनिक उड्डयन मंत्री (श्री कानूनगो):

(क) जी, हां ।

(ख) यह सेवा बहुत कम यातायात होने के कारण बन्द कर दी गयी ।

Consumer Cooperatives in Urban Areas

1417. **Shri Gokulananda Mohanty:** Will the Minister of **Community Development and Co-operation** be pleased to state the number of consumer co-operativs organised in the urban areas of the country in 1963-64 and 1964-65 so far (State-wise)?

The Deputy Minister in the Ministry of Community Development and Co-operation (Shri B. S. Murthy): A statement indicating the number of